# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आमेर विधानसभा क्षेत्र में भव्य स्वागत

**चौमूं/गोविन्दगढ़।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री निवास से रवाना होकर सबसे पहले राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर टांटियावास टोल पहुंचे। यहां आमेर विधानसभा क्षेत्र के आमजन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रदेश में हर क्षेत्र के विकास लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही हैं। राज्य बजट में सभी 200 विधानसभाओं को विकास के लिए बजट दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने आमेर विधानसभा क्षेत्र के लिए कहा कि आमेर में 400 केवी जीएसएस का निर्माण, जयसिंहपुरा खोर के महाविद्यालय को यूजी से पीजी महाविद्यालय में क्रमोन्नत, खोरा बीसल पुलिस चौकी को पुलिस थाने में क्रमोन्नत, आमेर क्षेत्र की बावड़ियों का पुनरुद्धार व जीर्णोद्धार के कार्य, नाहरगढ़ अभयारण्य के बीड़ पापड़ क्षेत्र में लैपर्ड सफारी प्रारम्भ, 2 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से खिजूरियां, करणसर बस स्टैण्ड से पूनाना, आमेर सीमा तक 6 किमी. सड़क कार्य, 1 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से रामौला सड़क से वाया बृसिंहपुरा होते हुए बरना स्कूल तक 3.5 किमी. सड़क का निर्माण कार्य, 2 हजार 500 से अधिक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर जीएसएस स्थापित किए जाएंगे। इस हेतु जीएसएस स्थापना के मापदण्डों में आवश्यकता अनुसार शिथिलन भी दिया जाएगा। चरणबद्ध रूप से 5 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण कस्बों में सीमेंट कंक्रीट के अटल प्रगति पथ के निर्माण करवाए जाएंगे। इस अवसर पर जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, जयपुर ग्रेटर निगम उपमहापौर पुनीत कर्नावट, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी सहित बीजेपी जयपुर देहात उत्तर जिला अध्यक्ष, विभिन्न मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चौमूं में आमजन को संबोधित किया।

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का चौमूं में किया ज़ोरदार स्वागत, हज़ारो की संख्या में पहुँचे कार्यकर्ता

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने चौमूं में आयोजित भव्य स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प पत्र में आमजन से जो वादे किए गए थे। उनमें से 55 प्रतिशत से अधिक वादे पूरे कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को पूरा करते हुए 5 वर्ष में 4 लाख सरकारी नौकरियां देंगे। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी एवं यमुना जल समझौते की परियोजना किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का साफा और दुपट्टा पहनाकर तथा तलवार भेंट कर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात् मुख्यमंत्री ने गोविन्दगढ़ में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 16 महीने में हमारी सरकार ने जनता से किए संकल्प पत्र के वादों को पूरा किया है। साथ ही, गरीब, मजदूर, किसान और युवाओं के लिए हमने अनेक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने किसान सम्मान निधि को बढ़ाया, युवाओं को अब तक 69 हजार पदों पर नियुक्तियां दी और जुलाई तक यह संख्या 1 लाख पदों पर पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली और उद्योग सहित हर क्षेत्र में विकास कार्यों को हमने गति दी है। इस दौरान शर्मा को बालाजी भगवान की तस्वीर भेंट की गई और फूलों की 51 किलो की माला पहनाकर हार्दिक स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सीकर के पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, भाजयुमो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक सैनी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### अतिक्रमण हटाया

**नारायणपुर।** सरकार के द्वारा रास्ता खोलो अभियान के अंतर्गत शनिवार को ग्राम पंचायत गढ़ी के राजस्व ग्राम कोठिया में प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। तहसीलदार अनिल कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटाकर वर्षों से बंद पड़े सरकारी रास्ते को फिर से खोल दिया। तहसीलदार अनिल कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई राजस्थान काश्तकार अधिनियम के अंतर्गत की गई है। पिछले दो वर्षों से ग्रामीणों द्वारा उक्त सरकारी रास्ते पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया था, जिससे गांव कोठिया और गढ़ी के लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने रास्ता खुलने पर प्रशासन का आभार जताया और राहत की सांस ली। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते हुए भविष्य में दोबारा ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी। इस मौके पर भू-अभिलेख निरीक्षक अनुराग शर्मा, पटवारी राजेश व अरविंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अलग-अलग मामलों में तीन गिरफ्तार

**निवाई।** निवाई थाना पुलिस ने 3 अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि शिवाजी कॉलोनी में एक आदमी धारदार नुकीला हथियार लेकर घूम रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी गोलू उर्फ लुडकी माली निवासी लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास मालियों का मोहल्ला को गिरफ्तार कर लिया और हथियार को जब्त कर लिया। इसी प्रकार लोकल एवं माईनर एक्ट में कार्यवाही करते हुए जुआ खेलते हुए आरोपी गिरिराज जैन पुत्र प्रहलाद जैन निवासी कैसोटों का मोहल्ला निवाई को गिरफ्तार कर जुआ राशि 1610 रूपए मय जुआ पर्ची जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने तेज आवाज में टेप बजाते हुए ट्रैक्टर चालक लालाराम पुत्र त्रिलोक मीणा निवासी सोभागपुरा थाना सदर को गिरफतार कर लिया और टेप रिकोर्डर को जब्त कर लिया।

### पीपल विवाह आज

**निवाई।** सिरस में पीपल विवाह को लेकर लग्न कार्यक्रम का आयोजन हुआ। युगल किशोर दाधीच ने बताया कि शनिवार को पीपल विवाह को लेकर लग्न कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने वैदिक आचार्य के सानिध्य में पीपल की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर लग्न पत्रिका लिखी गई। पीपल विवाह का कन्यादान श्रद्धालु मोहनलाल जैन करेंगे। कस्बे में स्थित श्री रघुनाथ मंदिर ठाकुर जी महाराज का 20 अप्रैल को पीपल के साथ विवाह सम्पन्न होगा। इसके लिए शनिवार को लग्न पत्रिका लिखी गई। इस मौके पर भागचंद जैन, मोहनलाल जैन, बबलूलाल प्रजापत, रविप्रकाश पारीक व राजू जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

### 5 घंटे 30 मिनट बिजली बंद

**पीपलू।** रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। 33 केवी लाइन के रखरखाव और मरम्मत का काम होगा। पीपलू जीएसएस, बनवाड़ा जीएसएस और रानोली जीएसएस से जुड़े सभी गांवों में बिजली नहीं आएगी। कनिष्ठ अभियंता अंकितकुमार गुप्ता ने बताया कि कुल 5 घंटे 30 मिनट तक विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

# अलवर का छठा जिला-सम्मेलन आयोजित

**जयपुर।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, अलवर का छठा जिला- सम्मेलन बुध-विहार स्थित कार्यालय पर आयोजित किया गया। सम्मेलन में संगठन की जिला सचिव अनीता ने झण्डारोहण किया। इसके बाद पिछले तीन वर्षों के दौरान जनवादी महिला समिति के तथा बिरादराना संगठनों के दिवंगत हुए नेता तथा कार्यकर्ताओं, हादसों में मारे गए लोगों, फिलिस्तीन में मारे जा रहे बेकसूर लोगों को दो मिनट का मौन रख कर श्रृद्धांजलि दी गई।

सम्मेलन में उदघाटन भाषण देते हुए संगठन की प्रांतीय अध्यक्ष कमला मेघवाल ने महिला संगठन की आवश्यकता तथा मजबूती पर विस्तार से बात की। इसके बाद संगठन की जिला सचिव अनीता ने संगठन की तीन वर्षों की गतिविधियों तथा संगठन की स्थिति के बारे में रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में देश में धर्म एवं जाति के आधार पर नफरत एवं घृणा के खिलाफ हमें एकजुट होकर प्रेम तथा भाईचारा फैलाने का काम करना है। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश में बेतहाशा बढ़ती महंगाई से महिलाएं बेहद परेशान हैं। रसोई गैस के दाम बढने से पहले से ही परेशान महिलाएं और ज्यादा परेशानी में आ गई हैं। सम्मेलन में महिला हिंसा के खिलाफ, सांप्रदायिकता के खिलाफ, महंगाई के खिलाफ, दलित उत्पीड़न के खिलाफ, प्रस्ताव पास किए गए।

# परशुराम जन्म महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

**श्रीमाधोपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज अजीतगढ़ के केंद्रीय परशुराम सभागार में पंडित रमाकांत शास्त्री की अध्यक्षता में भगवान परशुराम जन्म महोत्सव की तैयारी बैठक आयोजित हुई।महामंत्री शिंभू दयाल भारद्वाज ने बताया कि महोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां वितरित की गई जिसमें वित्त संग्रहण समिति का संयोजक महेश जोशी , सह संयोजक मूल शंकर गोठवाल, सदस्य राजेश गलीवाले, श्याम शिखवाल, दिनेश गोविंद शर्मा को नियुक्त किया गया है।

- 29 अप्रैल को होगा विराट कवि सम्मेलन

इसी कड़ी में 23 अप्रैल को सुबह 9 बजे समाज भवन अजीतगढ़ से मुख्य चौपड़ बाजार स्थित कचहरी गणेश जी महाराज को गाजेबाजे के साथ निमंत्रण दिया जाएगा। 29 अप्रैल को शाम 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें गत वर्ष की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता पतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

बुधवार 30 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे भगवान परशुराम पूजा अर्चना और आरती का आयोजन रखा गया है। शाम चार बजे से समाज भवन से रथारूढ भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा मुख्य चौपड़ बाजार, सेडमाता मंदिर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्री कृष्ण गौशाला, राजकीय बाबा नारायण दास उप जिला अस्पताल, मोदी मीनार, नगर पालिका मुख्यालय, संध्या गोविंद रत्न प्लाजा, जानकी नाथ मंदिर होते हुए समाज भवन परिसर में पहुंचेगी।इसके बाद सामूहिक भोज होगा।

4 मई को शाम पांच बजे सर्व ब्राह्मण समाज श्रीमाधोपुर के अध्यक्ष पद का प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली से चुनाव सम्पन्न करवाए जायेंगे।

# कोटपूतली में डीजे कोर्ट खोलने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**कोटपूतली।** नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ के मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय (डीजे कोर्ट) खोले जाने को लेकर निकटवर्ती बानसूर क्षेत्र के विधायक देवीसिंह शेखावत द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। उल्लेखनीय है कि डीजे कोर्ट की मांग को लेकर कोटपूतली व बहरोड़ के अभिभाषक संघ में संघर्ष जारी है। विगत दिनों दोनों ही जगहों पर इस मांग को लेकर कार्य बहिष्कार, पेन डाउन हड़ताल व लगभग दो माह तक धरना प्रदर्शन एवं क्रमिक अनशन आदि किये जा चुके है।

कोटपूतली में जारी हड़ताल को जिले के 03 विधायकों क्रमशरू हंसराज पटेल, देवीसिंह शेखावत व कुलदीप धनकड़ द्वारा खत्म करवाया गया तो बहरोड़ में वकीलों की हड़ताल स्थानीय विधायक जसवंत सिंह यादव व केन्द्रिय मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा खत्म करवाई गई। कोटपूतली में डीजे कोर्ट की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ, कोटपूतली के बैनर तले बानसूर, विराटनगर, पावटा, नारायणपुर के अभिभाषक संघ लामबंद है। वहीं दुसरी बहरोड़ एवं नीमराणा के अधिवक्ता भी इसको लेकर एकजुट है। इस मांग को लेकर बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत द्वारा विगत दिनों विधानसभा में आवाज उठाई गई थी। वहीं इसी क्रम में विधायक शेखावत ने दिल्ली पहुँचकर केन्द्रिय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मेघवाल को ज्ञापन सौंपकर कोटपूतली में डीजे कोर्ट एवं नारायणपुर उपखण्ड में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) कोर्ट खोले जाने की मांग की। विधायक शेखावत के ज्ञापन पर केन्द्रिय मंत्री मेघवाल ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि डीजे कोर्ट को लेकर निरन्तर राजनीति गहराती जा रही है।


केन्द्रिय मंत्री मेघवाल से मिले विधायक शेखावत।

- कोटपूतली व बहरोड़ के बीच वर्चस्व की लड़ाई बन चुकी है डीजे कोर्ट की मांग

इस मांग को लेकर कोटपूतली के पक्ष में क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल समेत बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत व विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ लामबंद है तो बहरोड़ में डीजे कोर्ट खोले जाने की मांग को लेकर बहरोड़ विधायक जसवंत सिंह यादव के प्रयासों को अलवर सांसद व केन्द्रिय मंत्री भूपेन्द्र यादव का सहयोग मिल रहा है। कुछ ही दिनों में डीजे कोर्ट सहित सीजेएम कोर्ट खोले जाने हेतु सभी 08 नवगठित जिलों में प्रक्रिया शुरू होने वाली है। इसके साथ ही राज्य सरकार की बजट घोषणा अनुरूप मिनी सचिवालय का निर्माण कहां होगा। इसका फैसला भी किया जायेगा।

# बुर्हानुद्दीन चिश्ती का मेला परवान पर

**मनोहरपुर।** ताला ग्राम पंचायत की ऊंची डूँगरी पर विराजमान हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत बाबा बुर्हानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला आलेह का पांच दिवसीय वार्षिक मेला अपनी परवान पर चल रहा है!

ग्राम पंचायत ताला के सरपंच अमीर खान शेख़ ने बताया कि 17 अप्रैल गुरुवार से शुरू हो चुके पांच दिवसीय सालाना मेला अपनी परवान पर चल रहा है दरगाह के खादिमान ने बताया कि कई स्थानों पर ठंडे शर्बत व पानी की स्टाल लगाई गई है जो कि पैदल आने वाले जायरिनों के जत्थे पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया!

इसी प्रकार 19 अप्रैल शनिवार को रंग बिरंगे कपडो में सज संवर कर विभिन्न वाहनों में सवार होकर बाबा के गीत गाते हुए हिन्दू मुस्लिम जायरीनों के जत्थे आएं इसके बाद चावल व दाल की किंदुरी बनाकर बाबा के पेश किए!

ईशा की नमाज के बाद में मिलाद ए पाक हुई इसके बाद में रात्रि 11 बजे बाद में महफ़िल ए शमा हुई इसमे भारत देश की मशहूर कव्वाल पार्टियों द्वारा बाबा की मान मनुहार की गई !इसी प्रकार 20 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे सामूहिक कव्वाल पार्टियों द्वारा कूल की रस्म की अदायगी होगी इसी के साथ मे शहरी मेला सम्पन होगा!

# परशुराम जयंती पर शाही लवाजमे से निकालेंगे शोभायात्रा

**पावटा।** परशुराम जयंती पर उपखंड पावटा सहित क्षेत्र में कई आयोजन होंगे। जिनकी तैयारियां जोर शोर से चल रही है। पावटा कस्बे में ब्राह्मण महासभा पावटा के तत्वावधान में परशुराम जन्मोत्सव पर शाही लवाजमे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें विभिन्न झांकियां आकर्षण का केन्द्र होगी। साथ ही धार्मिक धुन पर बैंड वादन भी होगा।

इसको लेकर ब्राह्मण महासभा पावटा की एक बैठक का आयोजन ब्राह्मण महासभा पावटा पूर्व अध्यक्ष सुरेश नयाबासी की अध्यक्षता में हखडेत हनुमान मंदिर में आयोजित की गई। इस दौरान कोषाध्यक्ष ललित शर्मा द्वारा गत वर्ष का लेखा जोखा समाज के पदाधिकारियों व लोगों के बीच प्रस्तुत किया गया।अक्षय तृतीया बुधवार को आयोजित होने वाले श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं शोभायात्रा का शुभारंभ आदर्श रामलीला मैदान पावटा से होगा। वहां से मुख्य मार्गों से होते हुए जोशियों का मोहल्ला, चमत्कारी चौराहा, सुभाष चौक, होली चौक, घंटाघर चौक, हखडेत हनुमान मंदिर, पटेलों का मोहल्ला होते हुए वापस आदर्श रामलीला मैदान पहुंचेगी। जहां महाआरती के साथ समापन होगा। शोभा यात्रा प्रमुख मार्गो से गुजरेगी।

जहां समाज एवं अनेक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा तथा अनेकों स्थान पर जलपान की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। साथ ही कार्यकर्ताओं की ओर से घर घर जाकर संपर्क कर समारोह में शामिल होने का भी आ ान किया जाएगा। इस दौरान पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, पावटा ब्राह्मण महासभा उपाध्यक्ष गजानंद बोहरा, दुर्गादत्त भारद्वाज, पावटा ब्राह्मण महासभा सचिव दीपक पटेल, संगठन मंत्री गिरिराज बोहरा, मीडिया प्रभारी लाला पटेल, परमानंद शर्मा, विमल शर्मा, नरेंद्र गौड, सुनील गौड, मनीष शर्मा, सांवर मल बोहरा, अमित बटवाल, नितेश शर्मा, प्रिंस मिश्रा, अंकित गौड, सत्यनारायण बोहरा सहित विप्रजन मौजूद रहे ।

# सांसद से मिले परिवादों का निस्तारण शीघ्र कर आमजन को राहत देवें : कलेक्टर

**खैरथल।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने खैरथल सचिवालय सभागार में शनिवार को समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को पेयजल, हीट वेव, ई-गवर्नेंस सहित केंद्रीय मंत्री व सांसद भूपेंद्र यादव से प्राप्त हुए परिवादों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आगामी महत्वपूर्ण बैठकों की तैयारियों, जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और प्रकरणों की प्रगति को लेकर गहन समीक्षा की और ग्रीष्म ऋतु को देखते आगामी तीन माह तक अधिकारियों की छुट्टी को निरस्त किया और कहा आवश्यक कार्य होने पर जिला कलेक्टर की अनुमति के उपरांत मुख्यालय छोड़ सकेंगे।

बैठक में जिला कलेक्टर ने प्रस्तावित दिशा बैठक हेतु सभी विभागों द्वारा आवश्यक सूचनाएँ व अद्यतन प्रगति रिपोर्ट समय पर तैयार कर प्रस्तुत करने के साथ अधिकारियों को बैठक में सभी बिंदुओं पर समुचित तैयारी के साथ आने के लिए कहा ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाई जा सके। इसके अलावा राजकाज ई-फाईल प्रणाली की प्रगति रिपोर्ट पर भी समीक्षा की गई। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं वीसी से जुड़े उपखंड अधिकारियों को अपने कार्यालय में ई-फाइल के माध्यम से कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ई-गवर्नेंस की दिशा में तेजी से कार्य सुनिश्चित किया जाए ताकि फाइलों के निस्तारण में पारदर्शिता और समयबद्धता बनी रहे।उन्होंने जनसुनवाई और शिकायत निवारण व्यवस्था को प्राथमिकता पर लेकर कार्य करने के निर्देश दिए।



खैरथल सचिवालय पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक।

बैठक में जिला कलेक्टर ने सांसद के द्वारा प्राप्त परिवादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी समय शहरी क्षेत्र में चलाए जाने वाले निराश्रित गोवंशों को आश्रय अभियान की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। रास्ता खोलने हेतु चलाए गए अभियान की गई प्रगति रिपोर्ट कार्यालय में भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने हीट वेव के संबंध में चिकित्सा, जलदाय विभाग एवं बिजली विभाग के सभी अधिकारियों को सभी आधारभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी के साथ कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग को हीट वेव के संबंध में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराने तथा अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

- जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में पेयजल, हीट वेव, ई-गवर्नेंस, सहित अनेक बिंदुओं पर समीक्षा कर दिए निर्देश

## सार-समाचार

### गौवंश की सेवा कर मनाया जन्मदिन

**पावटा।** एक तरफ जहां लोग अपने बच्चों का जन्मदिन में घरों व रेस्टोरेंटों में मनाकर पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण करने में पीछे नहीं है। वहीं राजेश शर्मा हरदैनियां जयपुर ने अपनी बेटी आस्था शर्मा का जन्मदिन जयसिंहपुरा नदी क्षेत्र एवं ठिकरिया नदी क्षेत्र में खुले में विचरण कर रही गौ माताओं के लिए गौ सेवा कार्य कर एक अनूठी मिसाल कायम की है। हरदैनियां जयपुर के रहने वाले राजेश शर्मा ने अपनी बेटी आस्था शर्मा का जन्मदिन गोमाता के साथ मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने गौ वंश को गुड़, हरा चारा , हरी सब्जी खिलाकर बेटी का जन्मदिन मनाया। वही राजेश शर्मा व संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति संयोजक नीरज सैन ने बताया कि पाश्चात्य संस्कृति को छोड़ अब लोगों को भारतीय परम्परा का निर्वहन करना चाहिए। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर राजेश शर्मा जयपुर, शेनकी अग्रवाल जयपुर, अंकित गर्ग जयपुर, रिंकू थालोड़, हिमांशु शर्मा पावटा, विनय गोयल, मुकेश यादव बागावास, नीरज सैन, पंकज जिंदल सहित अनेक गौभक्त उपस्थित रहे ।

### कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध प्रदर्शन

**पीपलू।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर ईडी की कार्रवाई से नाराज कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने नारेबाजी की। नेताओं ने इसे मोदी सरकार की ओर से राजनीतिक प्रतिशोध बताया। विधानसभा प्रभारी राजेंद्र चौधरी, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी, जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष हंसराज मीणा, मंडल अध्यक्ष श्रीराज साहू, युवा नेता घासीलाल चौधरी, रामगोपाल मीणा व मनिंदर लोदी मौजूद रहे। इसी प्रकार झिराना कांग्रेस मंडल अध्यक्ष हंसराज चोपड़ा, काशीपुरा इकाई अध्यक्ष केदार चौधरी, पीपलू इकाई अध्यक्ष मोहनलाल चंदेल, ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद नारायण चौधरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष सलीम देशवाली, प्रवक्ता रामजीलाल मीणा, हरिओम चौबदार, बंशी अजमेरा, भंवरलाल बैरवा, पूर्व सरपंच सुरेश यादव, प्रशासक तुलसीराम गुर्जर, राजेश खटीक, भोलूराम चौधरी, रामलाल मीणा, मानसिंह मीणा, राकेश सैनी, कन्हैयालाल सांखला, घासीलाल प्रजापत, मोहनलाल वर्मा, रामेश्वर चौधरी और देवीशंकर नायक सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

### बैरवा महासभा के अध्यक्ष बने शिवराज बैरवा

**टोंक।** जिला बैरवा महासभा पंजीकृत संस्था के अध्यक्ष समेत तीन पदों के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। इसमें अध्यक्ष पद पर शिवराज बैरवा 219 वोटों से विजय रहे, वहीं महामंत्री पद पर रामदास बैरवा सोहेला 275 वोटो से और कोषाध्यक्ष पद पर महेंद्र कुमार बैरवा बरोनी 199 वोटो से जीते। रिजल्ट आते ही उनके समर्थकों ने अध्यक्ष का चुनाव जीतने वाले शिवराज बैरवा समेत अन्य विजेताओं को कंदे पर उठा लिया और नारेबाजी की। जिला मुख्यालय स्थिति बैरवा धर्मशाला में शुक्रवार को बैरवा अध्यक्ष पद व अन्य पदाधिकारियों हेतु मतदान हुआ था, मतदान के बाद मतगणना शुरु हुई, जिसका शाम को रिजल्ट जारी हुआ। उसमे पीजी कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष और लेक्चर शिवराज बैरवा ने अध्यक्ष पद पर जीत हांसिल की, जिलाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिला महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो-दो उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे।

### बैरवा समाज के तत्वावधान में बैठक संपन्न

**निवाई।** बैरवा समाज के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर नला रोड पर स्थित बैरवा छात्रावास में प्रहलाद बैरवा मोटूका की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। सम्मेलन के संयुक्त संयोजक भवानी लोधी ने बताया कि सम्मेलन को लेकर 8 जोड़ों का पंजीयन हुआ है। पंजीयन की अवधि 20 अप्रैल से बढ़ाकर 25 अप्रैल तक किया जाए जिसका सभी पदाधिकारियों ने समर्थन किया। बैठक में सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैंड-बाजे, घोडी, टेंट, डेकोरेशन, पेयजल, भोजन, हलवाई, पार्किंग व सम्मान समारोह सहित कई व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। धन्नालाल बैरवा बिडोली, जगदीश बैरवा, कैलाश गंगवाल, बनवारी गंगवाल, रामप्रसाद चैनपुरा, अशोक मिस्त्री रजवास, संजय नला, अशोक नला, छोटेराम परमानंदपुरा, राजाराम चंदेल, बुद्धि प्रकाश व नरेंद्र बैरवा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### गर्मी और लू से बचाव को लेकर बैठक

**पीपलू।** बनवाड़ा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन परिसर में पीईईओ बनवाड़ा अधीनस्थ प्रधानाध्यापकों की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में गर्मी और लू से बचाव की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बाल विवाह पर पूरी तरह रोक लगाने पर चर्चा की। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर प्रभावित बच्चों की जानकारी जुटाने और उन्हें बचाने के उपायों पर चर्चा हुई। शिक्षकों को शिक्षक एप डाउनलोड कर सभी गतिविधियों का नियमित अपडेट करने के निर्देश दिए गए। प्रवेश उत्सव के प्रथम चरण में बच्चों की पहचान करने को कहा गया। विद्यार्थी आकलन, उपस्थिति, शाला स्वास्थ्य, डिजिटल प्रवेश उत्सव, हरियालो राजस्थान, हाउसहोल्ड सर्वे, मौखिक पठन प्रवाह, अपार आईडी व नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में प्रधानाचार्य पन्नालाल वर्मा, अर्जुनलाल चौधरी, रामबाबू शर्मा, श्योजीलाल, अंजलि, रमेश व हेमराज माली सहित कई अध्यापक मौजूद रहे।

### दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

**कोटपूतली।** कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित निकटवर्ती पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। शिविर में एकलव्य डेंटल कॉलेज के दंत चिकित्सक ऋषि नंदा एवं उनकी टीम के मुस्कान, प्राची, नेहा, रानी, मिंटू, निकिता, महक, आर्यन, लक्ष्य, पल्लवी, माधव, प्रेरणा, फैना द्वारा बच्चों के दांतों की जांच की गई। डॉ. नंदा ने बताया कि शिविर में 200 से ज्यादा बच्चों के दांतों की जांच करने के साथ-साथ निरूशुल्क दवाईयां दी गई। उन्होंने दांतों में होने वाली बीमारियों, समय पर उनके ईलाज और दांतों की सही सफाई के बारे में बच्चों को जानकारी दी। प्रधानाचार्या बिंदु सांगवान ने चिकित्सकों की टीम का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि ऐसे शिविरों से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति ओर ज्यादा जागरूकता आती है। इस दौरान बड़ी संख्या में विधार्थी व शिक्षक मौजूद रहे।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यों की पोल खुली

**सांभरझील, (निसं)।** यहां सार्वजनिक नेहरू बालोद्यान की चारदीवारी का प्लास्टर उखड़ना प्रारंभ हो गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक माह पहले ही चार दीवारी का प्लास्टर और रंगाई पुताई का काम करवाया गया था। इससे जाहिर होता है कि कार्य की गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। गार्डन के अंदर भी जो काम करवाए गए हैं उसका कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आ रहा है। दीवारों पर और नगर के अनेक जगहों पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता का संदेश आदि नारे लिखवाकर पालिका प्रशासन अपने कर्तव्य की इतिश्री कर बैठा है। हरियाली डवलप नहीं हो रही है। इन तमाम कार्यों पर कितना पैसा खर्च हुआ कोई पूछने वाला नहीं है। अन्नपूर्णा रसोई के ऊपर पानी की टंकी नहीं है। जल मंदिर के काम में लिए जाने वाले होद की भी सफाई लंबे समय से नहीं करवाई गई है जिससे उसमें बदबू आना बताया जा रहा है। भीषण गर्मी का दोर शुरू हो चुका है। पेड़ पौधों के लिए पानी का इंतजाम पर्याप्त नहीं है। यहां के लोगों ने बताया कि नेहरू गार्डन व कटला बाजार स्थित गांधी बालबाड़ी में कई दिनों तक तक सफाई नहीं होती है, और शिकायत दर्ज कराने के बाद फिर एक दिन सफाई की जाती है जो बेहतर नहीं होती है।

### अश्लील हरकतें करने का आरोप

**नारायणपुर ।** नारायणपुर थाना क्षेत्र से एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां कस्बे में अलवर रोड स्थित एक इंग्लिश मीडियम स्कूल के निदेशक पर वहां कार्यरत युवती के साथ अश्लील हरकतें करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता पिछले दो महीने से अजबपुरा निवासी कमलेश सैनी के स्कुल में बच्चों के परिजनों को कॉल करने का कार्य कर रही थी। 7 अप्रैल को जब पीड़िता ने स्कूल निदेशक कमलेश सैनी से अपनी तनख्वाह मांगी, तो आरोपी ने उसे स्कूल समय के बाद मिलने को कहा। पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि दोपहर 2.30 बजे जब वह ऑफिस पहुंची, तो निदेशक ने उसे अकेले में बुलाकर ऑफिस का दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद आरोपी ने जबरदस्ती अश्लील हरकतें कीं और उसके गुप्तांगों से छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने धमकी दी, घटना से घबराई पीड़िता डरी-सहमी घर पर रहने लगी। लगातार मानसिक तनाव में रहने पर जब उसकी मां ने उससे कारण पूछा, तो युवती ने रोते हुए सारी घटना बताई। भाई के साथ थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया।